कार्यालय–सचिव,उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक: प्रबन्ध/निविदा–12/ एक–16(5)/ 1219 /2019–20/दिनांक : 05 दिसम्बर, 2019

पुनः ई–निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा वर्ष 2019–20 के लिये उत्तराखण्ड राज्य के सभी जनपदों एवं अन्य स्थानों तक सामग्री लाने/ले जाने के निम्नलिखित प्रयोजन हेतु स्थानीय ट्रांसपोर्टरों/फर्मो से ई–निविदा उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेष्टमनी
1	उत्तराखण्ड राज्य के जनपदों एवं अन्य स्थानों तक सामग्री लाने/ले जाने के लिये पृथक–पृथक दरें 20कु0, 40कु0, 60कु0 एवं 80कु0 तक के ट्रक/मिनी ट्रक एवं प्रदेश एवं प्रदेश से बाहर की यात्राओं के लिये यात्री कार की व्यवस्था वावत।	Rs.100+18=118.00 GST सहित	Rs. 15000.00

(A) प्री–बिड बैठक की तिथि व समय– 11–12–2019 पूर्वाह्न 11.00 बजे (बुधवार)

(B) वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 20–12–2019 अपराह्न 5.00 बजे (शुक्रवार)

(C) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हॉर्ड कॉपी जमा करने की तिथि व समय – 21–12–2019 पूर्वाह्न 11.00 बजे (शनिवार)

(D) निविदा के तकनीकी भाग खोलने की तिथि व समय – 21–12–2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे (शनिवार)

(E) निविदा के वित्तीय भाग खोलने की तिथि – 21–12–2019 को तकनीकी भाग का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त

निविदा की प्रमुख शर्ते –

1– परिषद् के समयबद्ध एवं तात्कालिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत उक्त कार्य के लिये पंजीकृत ट्रांसपोटर्स से निविदा आमंत्रित की जाती है।

2– ट्रान्सपोर्ट/फर्म को परिवहन विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। (जारी पंजीकरण पत्र एवं वाहन के फिटनेस की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है)

3– निविदा के साथ अर्नेष्टमनी के रूप में रुपया 15,000=00 (रूपया पन्द्रह हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

4– वेबसाइट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा प्रपत्र की हॉर्ड कॉपी जमा करने से पूर्व जमा करनी अनिवार्य होगी, अन्यथा निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

5– निविदा दो भागों (तकनीकी तथा वित्तीय भाग) में पृथक–2 लिफाफों में सील बन्द कर दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सील बन्द किया जाना अनिवार्य होगा।

6– जीपगाड़ी वाहन अधिग्रहण हेतु दरें ई–निविदा में नहीं दी गयी है। ऐसी स्थिति में दरें वित्तीय भाग (हॉर्ड कॉपी) हेतु निर्धारित प्रारूप पर अंकित की जायेगी। दरें जीएसटी सहित, टॉल टैक्स इत्यादि को सम्मिलित करते हुए निविदा में अंकित की जाय।

7– नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

8– जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मो की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

9– परिषद् के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। प्री–बिड बैठक परिषद् कार्यालय में अपर सचिव कक्ष में निर्धारित तिथि एवं समय को आयोजित की जायेगी।

10– ट्रांसपोर्ट/फर्म के स्वामित्व में स्वयं के वाहन एवं अन्य वाहनों की व्यवस्था का विवरण।

11– विगत वर्ष के आयकर जमा सम्बन्धी विवरण। (छाया प्रति संलग्न करें)

12– किसी भी विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र रामनगर (नैनीताल) होगा।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)
5.12.19